पेज थ्री
देहरादून



महाशिवरात्रि के अवस पर श्रद्धालुओं को जूस वितरित करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक जोशी ने शिवभक्तों को जूस वितरित किया

**(संवाददाता)** देहरादून। महाशिवरात्रि के अवसर पर मसूरी विधायक गणेश जोशी ने देहरादून के कैनाल रोड बारीघाट स्थित शिव मंदिर में शिवभक्तों को जूस वितरित किया। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जूस वितरण कार्यक्रम को निराश्रित कल्याण समिति एवं डाबर इण्डिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया था। विधायक गणेश जोशी ने बताया कि दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं को जूस वितरित किया गया। विधायक जोशी ने सभी भक्तजनों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बधाई दी।

### सुबोध सिंह मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया समन्वयक नियुक्त

**(संवाददाता)** देहरादून। शासन द्वारा सुबोध सिंह को मुख्यमंत्री का सोशल मीडिया समन्वयक नियुक्त किया गया है। सचिव सूचना दिलीप जावलकर द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार सुबोध सिंह की मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया समन्वयक के निःसंवर्गीय पद पर नियुक्ति की गई हैं। सुबोध सिंह पेशे से सोशल मीडिया एक्सपर्ट हैं और सोशल मीडिया में एक अनुभवी व्यक्ति हैं। सुबोध सिंह पूर्व में मिशन मोदी अगेन पीएम 2019 में प्रदेश मीडिया प्रभारी रह चुके हैं इसके साथ ही भाजपा डोईवाला मीडिया प्रभारी भी रह चुके हैं।

### कबड्डी चौंपियनशिप में बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप ने जीती ट्रॉफी

**(संवाददाता)** देहरादून। जिला कबड्डी संघ देहरादून द्वारा राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सीनियर बालक कबड्डी चौंपियनशिप का आयोजन स्थानीय पैवेलियन ग्राउंड में किया गया। आज दूसरे दिन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विधायक मसूरी गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कबड्डी खेल के मानसिक और शारीरिक महत्व बताते हुए खिलाड़ियों से अपने खेल जीवन के अनुभव भी साझा किए।

# दिल्ली–हरिद्वार–दून के लिए चलेगी तेजस ट्रेन

**स्वीकृति**

रेल मंत्री ने दिल्ली से दून के लिए तेजस ट्रेन की सैद्धांतिक स्वीकृति दी

हरिद्वार कुम्भ के लिए प्रयागराज की तर्ज पर रेलवे करेगा व्यवस्थाएं

**(संवाददाता)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को नई दिल्ली में रेल मंत्री पीयूष गोयल से भेंट कर उत्तराखण्ड में रेल सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए रेल मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि उत्तराखण्ड की रेल परियोजनाओं के लिए बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर नई दिल्ली–हरिद्वार–देहरादून के लिए समस्त आधुनिक सुविधाओं से युक्त तेजस ट्रेन को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है।

पाथ–वे उपलब्ध होते ही इसे शुरू कर दिया जाएगा। उत्तराखण्ड में ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर काम दिखने लगा है। इसके लिए उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री और उनकी टीम की प्रशंसा की जानी चाहिए। हमें दूसरे राज्यों में जो समस्याएं आती है, उत्तराखण्ड में नहीं आई। पूरा प्रयास रहेगा कि अगले ढ़ाई वर्ष में श्रीनगर गढ़वाल तक रेल पहुंचा दी जाए। वर्ष 2021 मे हरिद्वार में होने वाले कुम्भ मेले के लिए रेलवे विभाग, प्रयागराज की भांति ही पूरी तैयारी करेगा। दून, हरिद्वार स्टेशनों की सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। दून रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण इस वर्ष नवम्बर तक कर दिया जाएगा। जल्द ही रेलवे के उच्च अधिकारियों के दल को उत्तराखण्ड भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग



सीएम त्रिवेंद्र रेल मंत्री से मुलाकात करते हुए।

रेल परियोजना से सम्भावित यातायात के लिए मजबूत तंत्र जरूरी इससे पूर्व बैठक में मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाईन परियोजना की वर्तमान प्रगति से केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 126 किमी0 लम्बी ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के अन्तर्गत फॉरेस्ट लैंड को नॉन फॉरेस्ट लैंड में परिवर्तन को स्वीकृति मिल गयी है। उन्होंने कहा कि 167 हेक्टेयर प्राईवेट रेवेन्यू लैंड का अधिग्रहण कर लिया गया है। परियोजना के लिए जियो टैक्नीकल इन्वेस्टीगेशन भी पूर्ण हो गयी है। इसके अन्तर्गत एक आरयूबी एवं एक आरओबी को तैयार कर लिया गया है, जिन्हें नियमित यातायात के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि देहरादून व योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन के मध्य सीधी रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिए लक्सर की भांति रायवाला स्टेशन से पहले डाइवर्जन लाइन का निर्माण किये जाने की भी जरूरत है। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री पियूष गोयल को अवगत कराया कि देवबन्द–रूड़की रेल लाईन परियोजना को विशेष रेल प्रोजेक्ट का दर्जा प्रदान किया गया है। उक्त योजना को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में 50:50 प्रतिशत के रेलवे एवं उत्तराखण्ड राज्य के मध्य अंशदान के रूप में स्वीकृत दी गयी है।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा अब तक अवमुक्त धनराशि को पर्याप्त मानते हुए परियोजना की अवशेष धनराशि का वित्त पोषण रेल मंत्रालय अथवा भारत सरकार द्वारा वहन किए जाने का अनुरोध किया।

### केदार धाम के कपाट 29 अप्रैल को खुलेंगे

**(संवाददाता)** देहरादून। केदार धाम के कपाट आगामी 29 अप्रैल को खुलेंगे। बाबा केदार की आगामी यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। इस बार यात्रा 202 दिन तक संचालित होगी, जो अपने आप में नया रिकॉर्ड है। इस दौरान धाम में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। केदार धाम के कपाट आगामी 29 अप्रैल को खुलेंगे और 16 नवंबर को भैयादूज पर बंद होंगे। इस प्रकार केदारनाथ की यात्रा 202 दिन संचालित होगी, जो बीते छह वर्षों की तुलना में यात्राकाल की सबसे अधिक अवधि हो रही है। इससे पहले बीते वर्ष 185 दिन यात्रा संचालित हुई थी। तब धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 10 लाख को पार कर गई थी, जो यात्रा के इतिहास में नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या का आंकड़ा एक नया रिकॉर्ड बनाएगा, क्योंकि बीते वर्ष की तुलना में इस बार यात्रा 17 दिन अधिक चलेगी।

### होटल के कमरे से मिला दिल्ली के पर्यटक का शव

**(संवाददाता)** मसूरी/देहरादून। दिल्ली से मसूरी घूमने आया एक पर्यटक होटल के कमरे में मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। मृतक की पहचान 60 वर्षीय जसविंदर भट्टी निवासी पंजाबी बाग दिल्ली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जसविंदर भट्टी बीती देर रात को मसूरी पहुंचे थे और एक होटल में कमरा लिया था। सुबह जब काफी देर तक वे बाहर नहीं आए तो होटल के स्टाफ ने कमरे के गेट को खोलने की कोशिश की, लेकिन लॉक नहीं खुला। स्टाफ ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह दरवाजा खुलवाया तो अंदर जसविंदर भट्टी का शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने वृद्ध मृतक का शव कब्जे में लेकर परिजनों को भी जानकारी दे दी है। वहीं, पुलिस अभी इसे आत्महत्या का मामला मानकर चल रही है।

## भर्तियों व ठेकों की निविदाओं में सांठगांठ कर खेला जाता है खेल

**मांग**

■ सीएस से विज्ञापन प्रदेशीय परिशिष्ट में प्रकाशन कराने की मांग

विकासनगर। **(संवाददाता)**

जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में विज्ञापित होने वाली सरकारी नौकरियों (भर्तियों) सरकारी ठेकों में संबंधित विभाग के अधिकारी साजिशकर्ता बड़ी चालाकी से समाचार पत्रों से सांठगांठ कर विज्ञापन प्रदेशीय परिशिष्ट में प्रकाशित कराने के बजाए भिन्न मंडलो, जनपदों में प्रकाशित कराते हैं, जिस कारण नौकरी की तलाश में भटक रहे बेरोजगार व ठेकेदार जानकारी के अभाव में वंचित रह जाते हैं, यानि प्रतिभाग नहीं कर पाते। मोर्चा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेगी ने कहा कि इस प्रकार के विज्ञापन परिशिष्टीय मामले में विभागया कुछ प्रतिष्ठित एवं सर्वाधिक पढ़े जाने वाले समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है, उसमें अलग–अलग संस्करण होते हैं यथा कुमाऊं, गढ़वाल, देहरादून, हरिद्वार, विकासनगर, डोईवाला, मसूरी आदि। गढ़वाल के विज्ञापन समाचार कुमाऊं के समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होते तथा इसी प्रकार गढ़वाल के समाचार कुमाऊं, देहरादून के हरिद्वार, डोईवाला के मसूरी, मसूरी के विकासनगर आदि के समाचार प्रकाशित नहीं होते, जिस कारण हजारों–लाखों प्रतिभाग करने वाले बेरोजगार, ठेकेदार व जरूरतमंद इस समाचार की जानकारी के अभाव में प्रतिभाग नहीं कर पाते तथा सांठगांठ करने वाले लोग विभागीय मिलीभगत कर इसका फायदा उठाकर नौकरियां व ठेके हासिल कर लेते हैं।



पत्रकार वार्ता के दौरान रघुनाथ सिंह नेगी।






### सेक्स वर्कर्स की दुर्दशा को दूर करने के लिए सरकार प्रयास करें

**(संवाददाता)** देहरादून। देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही बॉलीवुड फिल्म ''द हंड्रेड बक्स'' के विभिन्न संगठनों द्वारा किये जा रहे विरोध के चलते फिल्म की आज हिन्दू महासभा भवन, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज जी सहित अन्य हिन्दू धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग की गई। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज जी ने फिल्म देखने के पश्चात अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह फिल्म जो सेक्स वर्कर जिंदगी पर आधारित है और उनकी दशा को दर्शाती है। फिल्म में उनको मिलने वाली प्रताड़ना को दिखाया गया है, उनकी मजबूरियों को दिखाया गया है। फिल्म के सभी दृश्य व डायलॉग फिल्म की कहानी के अनुरूप ही हैं। जो कहानी की वास्तविकता को दर्शाते हैं।

### मनाई गई शिवरात्रि

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में उमंग और उल्लास के साथ शिवरात्रि महोत्सव मनाया गया।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।